**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @04.0**

# ₹ 91,000 करोड़ की 60 आईटी व आईटीईएस परियोजनाएं माननीय प्रधानमंत्री द्वारा अनावरण के लिए हैं तैयार

***लगभग ₹91,457 करोड़ के निवेश से बदलेगा उत्तर प्रदेश का तकनीकी परिदृश्य***

**लखनऊ, 13 फरवरी, 2024**

आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर्स में एक अग्रणी निवेश गंतव्य के रूप में अपनी स्थिति मजबूत करने के प्रयास में उत्तर प्रदेश सरकार 19 फरवरी, 2024 को आगामी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में कई महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिए पूरी तरह तैयार है।

माननीय प्रधानमंत्री, श्री नरेंद्र मोदी द्वारा उद्घाटन किए जाने वाले समारोह में इन सेक्टर्स की 60 मेगा परियोजनाओं का शुभारंभ किया जाएगा, जिनमें 91,456.89 करोड़ रुपये का विशाल निवेश प्रस्तावित है तथा 81,424 व्यक्तियों के लिए रोजगार के अवसरों का सृजन होगा।

सूचना प्रौद्योगिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी इनेबल्ड सर्विसेज (आईटी और आईटीईएस) क्षेत्र में ये पहल राज्य के तकनीकी परिदृश्य को नया स्वरूप देने तथा इनोवेशन एवं आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार हैं।

आईटी एवं आईटीईएस विभाग से मिली जानकारी के अनुसार बड़े निवेशों में **नोएडा डेटा सेंटर पार्क** भी शामिल है, जिसे **एनआईडीपी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड** द्वारा स्थापित किया जा रहा है। गौतम बुद्ध नगर में स्थित एनआईडीपी डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड का डाटा सेंटर पार्क एक प्रमुख उद्यम है, जिसके लिए ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने 20 एकड़ भूमि की व्यवस्था की है। ₹30,000 करोड़ की लागत से तैयार हुई यह परियोजना 2,100 से अधिक रोजगार का सृजन करेगी, जिससे इस क्षेत्र में आर्थिक आत्मनिर्भरता आएगी।

**टीएआरक्यू सेमीकंडक्टर्स प्राइवेट लिमिटेड** द्वारा स्थापित एक और उल्लेखनीय परियोजना गौतमबुद्ध नगर में, **यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र (यीडा)** में स्थापित की जा रही है। यह परियोजना ₹28,440 करोड़ के निवेश के साथ इंटीग्रेटेड कंपाउंड सेमीकंडक्टर्स (GaN Epi) का निर्माण एवं असेंबली करेगी। इस परियोजना से 1,000 व्यक्तियों के लिए रोजगार उत्पन्न होने का अनुमान है।

इसके अतिरिक्त, **सिफी इन्फिनिट स्पेस लिमिटेड** दो परियोजनाओं की स्थापना करेगा, जिनका कुल निवेश ₹19,000 करोड़ होगा। इनमें से एक परियोजना **न्यू ऐज हॉरिजॉन्टल डाटा सेंटर** की होगी तथा इसमें ₹11,000 करोड़ का निवेश होगा, जबकि दूसरी परियोजना डाटा सेंटर क्षेत्र में महत्वपूर्ण आईटी इंफ्रास्ट्रक्चर को विकसित करेगा, जिसमें ₹8,000 करोड़ का निवेश होगा।

ये दोनों परियोजनाएं गौतम बुद्ध नगर में आ रही हैं और प्रत्येक में 300 लोगों को रोजगार मिलेगा।

माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी के कुशल नेतृत्व में, प्रदेश सरकार उत्तर प्रदेश को आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में अग्रणी बनाने की ओर अग्रसर है। फरवरी 2023 में सम्पन्न हुई यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में ₹5,29,472.52 करोड़ के 321 निवेश प्रस्ताव प्राप्त किए, जिनमें ₹91,456.89 करोड़ की 60 परियोजनाएं एक वर्ष के भीतर ही ग्राउन्ड ब्रेकिंग के लिए तैयार हैं।

यद्यपि राज्य की अधिकांश परियोजनाएं पश्चिमी क्षेत्र, मुख्यतः नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद, यीडा, मथुरा तथा आगरा में संचालित हो रही हैं, वहीं कुछ प्रमुख परियोजाएं लखनऊ, कानपुर, वाराणसी, बस्ती एवं बाराबंकी जैसे क्षेत्रों को भी औद्योगिक दृष्टि से सुदृढ़ कर रहीं हैं। परियोजनाओं का इस प्रकार से पूरे राज्य में वितरण उत्तर प्रदेश को न केवल प्रतिष्ठित उद्योगपतियों के आकर्षण का केंद्र बनाता है, अपितु राज्य सरकार के उत्तर प्रदेश को 01 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की महत्वाकांक्षा को भी सुदृढ़ करता है।